# रेलवे अधिकारियों की 'तानाशाही' ने ली जान लेने की कोशिश, मानसिक प्रताड़ना से तंग ट्रॉली मैन ने पिया जहर

सतना।

भारतीय रेलवे के 'मानवीय चेहरे' पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सतना में रेलवे विभाग के एक ट्रॉली मैन ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों की कथित प्रताड़ना और गाली-गलौज से तंग आकर मौत को गले लगाने की कोशिश की। कीटनाशक पीने के बाद कर्मचारी सुरेश कुमार कुशवाहा की हालत मरणासन्न बनी हुई है,जिन्हें आनन-फानन में सरदार बल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गाली-गलौज और मानसिक उत्पीड़न का आरोप

पीड़ित की पत्नी का कहना है कि अधिकारी सुरेश के साथ आए दिन अभद्र भाषा और गाली-गलौज का प्रयोग करते थे। उन पर काम को लेकर ऐसा मानसिक दबाव बनाया गया कि वे डिप्रेशन का शिकार हो गए। बुधवार को यह प्रताड़ना बर्दाश्त से बाहर हो गई और सुरेश ने खौफनाक कदम उठाते हुए कीटनाशक गटक लिया। मेरे पति अपराधी नहीं,कर्मचारी हैं। उन्हें बीमार होने की सजा दी जा रही थी। गाली-गलौज और टॉर्चर ने उन्हें यह कदम उठाने पर मजबूर किया।



### प्रशासन की चुप्पी और परिजनों का आक्रोश

इस सनसनीखेज मामले पर फिलहाल रेलवे प्रशासन की ओर से 'रहस्यमयी' चुप्पी साधी गई है। अभी तक किसी भी अधिकारी का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है,जिससे परिजनों में भारी आक्रोश है। परिवार ने स्पष्ट मांग की है कि आरोपी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज हो। पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की जाए। पीड़ित परिवार को सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित किया जाए। सुरेश कुमार कुशवाहा जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। यह घटना सिस्टम के उस क्रूर चेहरे को उजागर करती है जहां एक छोटे कर्मचारी की मजबूरी और बीमारी का मजाक उड़ाया जाता है।

### बीमारी बनी गुनाह,अधिकारियों ने पार की संवेदनहीनता की हदें

पीड़ित सुरेश कुमार की पत्नी के आरोपों ने रेलवे महकमे में हड़कंप मचा दिया है। बताया गया है कि करीब चार महीने पहले सुरेश कुमार गंभीर रूप से बीमार हुए थे,जिसके चलते वे दोमाह तक मेडिकल अवकाश पर रहे। जब वे ड्यूटी पर लौटे,तो शारीरिक कमजोरी के कारण काम की गति थोड़ी धीमी थी। एक बीमार कर्मचारी को सहानुभूति देने के बजाय,अधिकारी ए.पी. सिंह और मुकेश मिश्रा पर आरोप है कि उन्होंने सुरेश को मानसिक रूप से तोड़ना शुरू कर दिया।

## खबर संक्षेप

### लोक निर्माण विभाग में विवादः राज्यमंत्री बनाम कैबिनेट मंत्री




**सतना।** रैगांव विधानसभा क्षेत्र में घटिया सड़क निर्माण को लेकर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह के बीच तनातनी सामने आई है। राज्यमंत्री ने जिस सड़क पर भ्रष्टाचार पकड़ा,विभाग उसे पहले से 'रिजेक्ट' बता रहा है। गंभीर सवाल यह है कि राज्यमंत्री के निरीक्षण के बाद ही ठेकेदार पर कार्रवाई क्यों हुई? क्या 'रिजेक्शन' की जानकारी लिखित में दी गई थी? चर्चा है कि विभाग के मुखिया अपने चहेते ठेकेदार को बचाने के लिए राज्यमंत्री की छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

### नशा मुक्ति के लिए युवाओं ने ली शपथ



**मैहर।** 'प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने छात्रों को नशे के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से आगाह किया। जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना मध्यप्रदेश। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

### छात्र संवादः 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर चर्चा



**मैहर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने छात्रों के साथ 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' विषय पर संवाद किया। महत्वः विधायक ने बताया कि इस व्यवस्था से प्रशासनिक बोझ कम होगा और विकास कार्यों में निरंतरता आएगी। उद्देश्यः विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक जागरूकता को बढ़ाना।

### हेड कांस्टेबल सुसाइड केसः महिला अतिथि शिक्षक गिरफ्तार

**मैहर।** रामनगर पुलिस कॉलोनी में हेड कांस्टेबल संजय यादव की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला कुंती गोले को गिरफ्तार किया है। 15 अगस्त को संजय यादव ने फांसी लगाई थी। सुसाइड नोट में महिला द्वारा शादी के लिए दबाव बनाने और प्रताड़ित करने का आरोप था। सुसाइड नोट की फॉरेंसिक जांच के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को मझगवां से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### भाजपा का स्वच्छता अभियान और महापुरुषों को नमन

**सतना।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के पूर्व संध्या पर भाजपा ने जिले भर में स्वच्छता अभियान चलाया। सांसद गणेश सिंह और जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय ने अंबेडकर चौक,टाउन हॉल और बिरला रोड स्थित प्रतिमाओं की सफाई कर माल्यार्पण किया। अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया।

### पुराने वाहनों की खरीद-बिक्री के लिए नए नियम लागू

**सतना।** परिवहन विभाग ने पंजीकृत पुराने वाहनों के डीलरों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब बिना वैध 'प्राधिकार पत्र' के कोई भी व्यक्ति पुराने वाहनों की खरीद-बिक्री नहीं कर सकेगा। डीलरों को वाहन पोर्टल पर 25 हजार रुपये फीस के साथ आवेदन करना होगा। वाहन डीलर वाहन के बीमा,फिटनेस और किसी भी दुर्घटना के लिए कानूनी रूप से जिम्मेदार होगा।

## दानापुर-पुणे एक्सप्रेस से मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी चित्रकूट से गिरफ्तार

सतना।

रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान की हिफाजत के लिए मुस्तैद जीआरपी ने मोबाइल चोरी के एक मामले का सफल पटाक्षेप किया है।पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले से एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल बरामद कर लिया है।

### क्या था मामला?

बिहार के मधुबनी जिले के रहने वाले विनोद कुमार शर्मा 20 वर्ष ट्रेन संख्या 12150 दानापुर-पुणे एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान सतना रेलवे स्टेशन के पास किसी अज्ञात चोर ने उनका ओप्पो कंपनी का मोबाइल पार कर दिया था। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी सतना ने धारा 305 (C) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### साइबर सेल की मदद से पकड़ा गया चोर

इस अंधे मामले को सुलझाने के लिए जीआरपी ने साइबर सेल का सहारा लिया। मोबाइल के कॉल डिटेल रिकॉर्ड और तकनीकी विश्लेषण के जरिए पुलिस आरोपी कमलेश पटेल 30 वर्ष तक पहुँची, जो उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के थाना नयागांव का निवासी है। घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी के पास से 13,000 की कीमत का चोरी गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में मुख्य रूप से राजेश राज उपनिरीक्षक,अनुज चतुर्वेदी प्रधान आरक्षक,प्रशांत यादव आरक्षक शामिल रहे। जीआरपी प्रशासन ने टीम की इस तत्परता की सराहना की है। जीआरपी ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने कीमती सामान का स्वयं ध्यान रखें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



## नागौद पुलिस को सफलता: हत्या के 4 आरोपी गिरफ्तार

सतना। थाना नागौद पुलिस ने ग्राम पिथौराबाद में हुई अशोक नागर 36 वर्ष की हत्या का खुलासा करते हुए तीन युवकों और एकअपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। 17 दिसंबर को शराब के नशे में विवाद होने पर आरोपियों ने अशोक के साथ मारपीट की थी,जिससे 20 दिसंबर को उसकी मृत्यु हो गई। शिवा कोल,सतेन्द्र कोल उर्फ भुरइया और देवी दयाल कुशवाहा आरोपी हैं। थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान ने मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस, कार्यक्रम आयोजित

सतना।

अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान चित्रकूट,के सहायतित इंडस इंड बैंक और सृजन के सहयोग से राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत मझगवां के ग्रामपंचायत झरी के झरी गौशाला परिसर में 23 दिसंबर,को आयोजित किया गया।जिसमें 40 गांवों के 300 महिला -पुरूष किसान परिवारों ने भाग लिया। इस कर्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चित्रकूट प्रथम मुखार बिंदु के महंत डॉ.मदनगोपालदास रहे एवं कर्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के पूर्व संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के मंत्री लल्लूराम शुक्ल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर समाज शिल्पी श्रीमती बिजय लक्ष्मी तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। तदपश्चात मंचासीन अतिथियों के स्वागत परिचय के साथ ही राष्ट्रीय किसान दिवस कर्यक्रम मनाने का उद्देश्य एवं संस्थान के कामों की पृष्ठ भूमि विस्तार परियोजना के समन्वयक देशराज ने रखी। उन्होंने कि कहा कि संस्थान अपने शुरुआती समय में काम की शुरुआत उ.प्र.के मानिकपुर पाठा क्षेत्र में शिक्षा,स्वास्थ्य,भूमि बिसंगतियों को लेकर किया था अर्थात संस्थान अपनेकामों को रचना और संघर्ष के साथ जोड़कर आगे बढ़ाया था। संस्थान ने ऊसर,बंजर पड़ी भूमि को सुधार के साथ-साथ जल सरंक्षण एवं जल प्रबंधन के काम को व्यापक पैमाने पर किया गया है। संस्थान ने जल प्रबंधन के इस काम को सोनभद्र,बाँदा,ललितपुर,टीकमगढ़ जैसे जिलों में भी किया है। संस्थान सरंक्षण एवं जल प्रबंधन के कामों को दृष्टिगत रखते हुए फरवरी, 2024 से सतना जिले के मझगवां ब्लाक के 40 गांवों में सृजन संस्था एवं इंडस इन्ड बैंक के सहयोग से शुरू किया है जिसमें दोहा निर्माण, तालाब गहरीकरण, कुआं, चेकडेम मरम्मत, बंधीकरण, बागवानी, बहुस्तरीय सब्जी खेती,उन्नतशील बीजों का प्रोत्साहन,प्राकृतिक खेती जैसे प्रमुख काम हैं। वहीं संस्थान के मंत्री लल्लूराम शुक्ल ने बताया कि देश के 5 वें पूर्व प्रधानमंत्री रहे स्व.चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस को पूरे देश में 23 दिसबंर को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है,क्यों कि इस धरती में किसान हमेशा से अन्न दाता,प्राण दाता रहा है।तो वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष राम खेलावन कोल ने अपने उदबोधन में कहा कि संस्थान के द्वारा झरी गांव में कराए 3 चेकडेमों के मरम्मत निर्माण हो जाने से उनमें पानी का जल भराव हुआ है,जिससे सिंचाई के रूप में पानी का उपयोग इस वर्ष किसानों ने किया है। जिसका परिणाम ये रहा कि आज 101 परिवारों की 78 एकड़ भूमि में बोई गई सरसों की लहलहाती हुई फसल देखकर मन गदगद हो गया। उन्होंने आगे कहा कि किसान देश का शुरू से अन्न दाता रहा है। किसान नदी किनारे कछारों में प्राकृतिक खेती कर बड़े पैमाने में अन्न का उत्पादन करते थे,इसलिए देश को सोने की चिड़यिा कहा जाता था। आजादी के बाद देश में वर्ष 1967 में अकाल पड़ जाने के बाद मक्का,ज्वार को विदेशों से आयात किया गया। अब देश में बड़े-बड़े बांध बन जाने से भारत आत्म निर्भर देश बन रहा है साथ ही विदेशों में अन्न भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम पानी का दोहन जरूरत से अधिक करते हैं जिससे जल संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। उन्होंने प्राकृतिक खेती करने,पेड़ पौधे लगाने,पशुपालन करने पर भी जोर दिया। संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई ने अपने वक्तव्य में रासायनिक मुक्त प्राकृतिक खेती करने, जल सरंक्षण,जल संवर्धन,और गौआधारित खेती को बढ़ावा देने सहित अपनी जमीन को ऊसर होने से बचाने पर जोर दिया।




उन्होंने 85 वर्षीय तिलाई चुवा निवासी बुजुर्ग बुलांकी बाबा का सम्मान करते हुए बताया कि उन्होंने अपने जीवन काल में 1000 से अधिक फलदार पौधों का रोपणकर प्रकृति को सजने संवारने का काम किया है जो हमें शुद्ध हवा के साथ ही प्राकृतिक सरंक्षण की प्रेरणा मिलती है। तो वहीं कार्यक्रम में चित्रकूट के महंत डॉ.मदनगोपाल दास जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रकृति का गहना ही पेड़,पौधे और पशु,पक्षी हैं,जिनकों सरंक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। जो काम बुलांकी बाबा ने किया है यह हम सबके लिए एक सीख और प्रेरणा हैं यह कार्य हम सबको करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोपाल भाई ने उ.प्र.कि सीमा से जुड़े म.प्र.के इस वनवासी अंचल के मझगवां क्षेत्र में काम की शुरूआत की है यह बहुत ही सुखद और सुनहरा अवसर है,अब हम सबको मिलकर इस सूखी धरती को हराभरा कर हरियाली युक्त बनाने,पशुपालन को बढ़ावा देने का काम करना है। उहोंने किसानों को गौ आधारित खेती करने,गौ शालाओं को बढ़ावा देने सहित पशु पालकों को आंगे चलकर पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल,कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां से प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ.सन्तप्रकाश त्रिपाठी,कृषि वैज्ञानिक डॉ.अजय चौरसिया आदि सभी ने अपने-अपने उदगार व्यक्त करते हुए संस्थान के द्वारा किए जा रहे कामों की सराहना की एवं जन हितैषी कामों में सहयोग करने का समर्थन दिया।

### कार्यक्रम में किया गया पुरस्कृत

संस्थान ने इतने कम समय में जिन परिणाम मूलक गतिविधियों से किसान परिवारों को जोड़ा और बेहतर परिणाम दे पाए ऐसे किसान परिवारों के अतिरिक्त अपनी कलम की ताकत से जन मुद्दों को उजागर करने वाले पत्रकार कार्यक्रम में मौके में मौजूद रहे। उनमें से वरिष्ठ पत्रकार आर.के. सोनी, बीरेन्द्र गुप्ता,पंकज कुशवाहा,आनंद मझगवां सहित बरौंधा क्षेत्र के दीपू श्रीवास्तव,अंकित आदि सभी को श्री फल साल देकर मंच में वरिष्ठ जनों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन अपनी लेखनी के धनी तथा प्रखरवक्ता के रूप में जाने,जाने वाले अर्चन चित्रकूट ने किया। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के निदेशक ने कार्यक्रम में आए सभी किसान भाइयों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए किसान दिवस कार्यक्रम समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में विस्तार कार्यक्रम मझगवां के देशराज यादव,मनोज श्रीवास्तव,विकास श्रीवास्तव, शिवकुमार,बिंदा प्रसाद,सुधा सिंह सिंगरौल, अनुपम देवी वर्मा, सावित्री, राजकुमारी सिंह, नरेंद्र कुमार, पूनम मवासी, जनपद पंचायत सदस्य रामनारायण यादव सहित ग्रामीण क्षेत्र से आए सरपंच एवं सैकडों महिला-पुरुषों किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल आज सतना आएंगी, सांसद ट्रॉफी के फाइनल में खिलाड़ियों का बढ़ाएंगी हौसला

**सतना।** भारतीय बैडमिंटन की विश्वविख्यात खिलाड़ी एवं ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल गुरुवार को सतना प्रवास पर रहेंगी। वे सांसद खेल महोत्सव के फाइनल मुकाबलों में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगी। उनकी मौजूदगी से सांसद ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला और भी ऐतिहासिक व रोमांचक बन गया है। साइना नेहवाल जबलपुर पहुँच चुकी हैं और 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे हेलीकॉप्टर से सतना एयरपोर्ट पर आगमन करेंगी। इसके पश्चात वे सीधे दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम, जवाहर नगर पहुँचेंगी, जहाँ सांसद खेल महोत्सव के फाइनल मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन सतना सांसद श्री गणेश सिंह द्वारा किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है। इस महोत्सव में साइना नेहवाल की उपस्थिति खिलाड़ियों के लिए अभूतपूर्व प्रेरणा का कार्य करेंगी।

## कांग्रेस सेवादल मनाएगा 'दल दिवस सप्ताह'



मैहर।

कांग्रेस के 140वें और सेवादल के 102वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 25 से 31 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सर्व धर्म सद्भाव संगोष्ठी (25 दि.), रक्त परीक्षण (26दि.),खेलकूद (27दि.),ध्वज वंदन (28दि.),समरसता भोज (29 दि.),सांस्कृतिक कार्यक्रम (30 दि.) और फल वितरण (31 दि.)। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र ने बैठक लेकर इसकी तैयारी पूरी की।

## एक माह से खराब पड़ा है ट्रांसफार्मर फसलों की नहीं कर पा रहे हैं सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में यहां पहुंचे 130 आवेदकों की समस्यायें व शिकायते सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर द्वय विंकी सिंहमारे उईके और ज्योति लिल्हारे एवं एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी मौजूद रहें। ग्राम कौड़िया निवासी ममता शुक्ला ने बताया कि मेरे पिता ओमप्रकाश शुक्ला की मृत्यु हार्ट अटैक से हो गई थी। संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह राशि हेतु मैंने सभी दस्तावेज जमा कर दिये हैं। परंतु, मेरी माताजी को अभी तक अनुग्रह राशि प्राप्त नहीं हुई है। कलेक्टर ने जिला श्रम अधिकारी को पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिए।




# अमानगंज थाना क्षेत्र में 4 वर्षीय मासूम बालक की हत्या करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

### आरोपी द्वारा फिरौती की लालच में किया गया था मासूम का अपहरण, पकड़े जाने के भय से गला दबाकर की हत्या

**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जसवंतपुरा में 04 वर्षीय मासूम बालक दुर्गेश उर्फ सौरभ कोरी को फिरौती की लालच में अगवा कर हत्या करने के सनसनीखेज प्रकरण में पन्ना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है।फरियादी राजू कोरी निवासी ग्राम जसवंतपुरा द्वारा दिनांक 09.12.2025 को थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसके 4 वर्षीय नाबालिग पुत्र को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर संदिग्ध परिस्थितियों में ले गया है। रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 631/25, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता (ठछै) के तहत अपहरण का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी अमानगंज उपनिरीक्षक रवि सिंह जादौन द्वारा मामले की सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू को दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए मासूम बालक की तलाश-पतारसी एवं आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अपहृत बालक की तलाश हेतु गाँव के आसपास, तालाब, कुआँ, खेतों एवं एकांत स्थलों का सूक्ष्म निरीक्षण लगातार किया गया। विवेचना के दौरान गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, साक्ष्य संकलन एवं मुखबिर तंत्र से प्राप्त



विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर एक संदेही को चिन्हित कर अभिरक्षा में लिया। पूँछताछ के दौरान संदेही द्वारा अपना नाम राजेंद्र कोरी पिता सुखदीन कोरी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम जसवंतपुरा का होना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही व्यक्ति से कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर संदेही द्वारा अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मैने घटना दिनांक को दोपहर में फिरौती की लालच में मासूम बालक का अपहरण किया था और उसे गाँव में कल्लू चौधरी के सूने घर के कमरे में छिपाकर रखा, परंतु बालक के चिल्लाने पर पहचान खुलने के डर से मैने उसका गला दबाकर हत्या कर दी थी। आरोपी के बताये अनुसार पुलिस टीम द्वारा मृतक बालक के शव को बरामद (दस्तयाब) कर फरियादी के समक्ष पहचान कराई। घटना की संवेदनशीलता एवं साक्ष्य की वैज्ञानिक पुष्टि हेतु मौके पर एफ.एस.एल. टीम, डॉग स्क्वाड एवं फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ दल को बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराया गया तथा महत्वपूर्ण साक्ष्य सुरक्षित किए गए। मामले में आरोपी के विरूद्ध प्रकरण में ठोस साक्ष्यों के आधार पर धारा 140(3) (अपहरण/किडनैपिंग में हत्या), 103(1) (हत्या) का इजाफा किया गया तथा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा मामले में आरोपी राजेंद्र कोरी पिता सुखदीन कोरी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम जसवंतपुरा जिला पन्ना को गिरफ्तार किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उनि रवि सिंह जादौन एवं थाना स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त महत्वपूर्ण मामले के खुलासा हेतु पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है। उक्त कार्रवाई में थाना अमानगंज से थाना प्रभारी उप निरीक्षक रवि सिंह सहायक उप निरीक्षक शिवराम नायक प्रधान रक्षक शिवम शर्मा राजीव लक्ष्मण यादव आरक्षक मेहरबान भूपेन चौरसिया अरुण तिवारी इंद्रपाल मुनेंद्र अखिल पाल तुलसी दास की सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना में दिलाई गई सुशासन दिवस में शपथ



**पन्ना।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पन्ना पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सुशासन दिवस की शपथ ली गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सुशासन, पारदर्शी, जवाबदेह एवं संवेदनशील प्रशासन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने जनता से संबंधित कार्यों में तत्परता लाने, नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी को स्मरण करते हुए उनके द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मानदंडों एवं आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने की शपथ ली।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना के स्टाफ के साथ-साथ यातायात शाखा, कंट्रोल रूम एवं पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा स्थापित सुशासन के आदर्शों को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्मदिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को प्रतिवर्ष "सुशासन दिवस" के रूप में मनाया जाता है, ताकि शासन एवं प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनहित को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

# ठंड शिक्षा की राह में बाधा नहीं बनेगी

## जरूरतमंद बच्चों को वितरित किये स्वेटर



**पन्ना।** पवई शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में दिनांक 23 दिसंबर 2025रू को शिक्षक सतानंद पाठक ने सराहनीय पहल की है कड़ाके की सर्दी में जहाँ आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों के बच्चे ठिठुरन से जूझते हैं, वहीं उनकी शिक्षा प्रभावित होने का खतरा बना रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को गर्म स्वेटर उपहार स्वरूप वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट थाकृठंड किसी होनहार बच्चे की पढ़ाई के रास्ते में रोड़ा न बने। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आँखों में चमक देखते ही बनती थी, जब उन्हें नए गर्म स्वेटर मिले। समाजसेवी रामाश्रय द्विवेदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "यदि इन बच्चों को सही संसाधन और प्रोत्साहन मिले, तो वे समाज की मुख्यधारा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। शिक्षक सतानंद पाठक का यह कार्य पिछड़े इलाकों के लिए संजीवनी सरीखा है। मैं पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चों के सपनों को साकार करने में जुटे हैं।" समाजसेवी अशोक जैन ने कहा, "शिक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी, तभी समाज का माहौल शुद्ध होगा और तरक्की के रास्ते खुलेंगे। यह इलाका पिछड़ा है, यहां के स्कूलों में अधिकांश बच्चे अति-पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रबुद्ध लोगों को लगातार प्रयास करने होंगे। स्कूल की प्रिंसिपल माया खरे ने इस पहल की भरपूर सराहना की। उन्होंने कहा, "शिक्षक सतानंद पाठक का यह प्रयास हमारे स्कूल और बच्चों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ठंड के दिनों में कई बच्चे बिना गर्म कपड़ों के स्कूल आते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। इन स्वेटरों से न केवल बच्चे ठंड से सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उनकी पढ़ाई में भी निरंतरता बनी रहेगी। कार्यक्रम में शिक्षक सतानंद पाठक ,प्रधान अध्यापक श्रीमती माया खरे समाजसेवी रामाश्रय द्विवेदी ,अशोक जैन, रामप्रकाश पाठक,सीता लोधी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। यह आयोजन सिर्फ स्वेटर वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे समाज को संदेश दिया कि शिक्षा का समर्थन और मानवता की सेवा ही मजबूत समाज की नींव है।

# शराब दुकान को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का विशाल आंदोलन

### व्यापारियों व अन्य राजनैतिक दलों का मिला समर्थन भाजपा नदारत

**गुनौर।** नगर परिषद गुनौर के अंतर्गत मंदिर के बगल में संचालित हो रही शराब दुकान की विरोध में लगातार राजनीतिक दलों सहित सामाजिक संगठनों ने कई बार शराब दुकान हटाने का प्रशासन से आग्रह किया और लिखित में ज्ञापन भी दिए परंतु आज दिनांक तक शासन प्रशासन ने कोई कार्रवाई न करने के कारण बजरंग दल सहित सर्व समाज के लोगों ने एक साथ खड़े होकर शराब दुकान को हटाने के लिए नगर बंद का आह्वान किया और व्यापारियों सहित नगर के लोगों ने भरपूर समर्थन करते हुए हजारों की संख्या में इकट्ठे हुए एवं मंदिर परिषद से शराब दुकान हटाओ के लगे नारे बजरंग दल में जिले से आए पदाधिकारीयों ने अपने उद्बोधन में शराब ठेकेदार को कुछ राजनीतिक दलों को संरक्षण देने के आरोप लगाते हुए सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर शासन प्रशासन को सतबुद्धि देने की प्रार्थना की।विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के साथ हजारों लोगों को देख नगर ले लोगों को न्याय की उम्मीद जागी है अब शासन प्रशासन क्या कार्यवाही करता है देखने का विषय है।

### दुकान हटाने की मांग पर गुनौर में आज पूरा बंद सफल



जिले के गुनौर कस्बे में शंकरजी मंदिर के ठीक बगल में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, महाकोशल प्रांत जिला पन्ना एवं प्रखंड गुनौर के संयुक्त आह्वान पर आज बुधवार को नगर बंद का व्यापक असर रहा। सुबह से ही बाजार पूरी तरह ठप हो गए, दुकानें बंद रहीं और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।बंद के दौरान हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए। कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया और नारे लगाते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। संगठन का साफ आरोप है कि धार्मिक स्थल के इतने निकट शराब दुकान का संचालन आबकारी नियमों का खुलेआम उल्लंघन है तथा यह मंदिर की पवित्रता और हिंदू आस्था का अपमान है। पूर्व में कई बार ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि नियमों में धार्मिक स्थलों से निर्धारित दूरी का प्रावधान है तो उसका पालन क्यों नहीं किया जा रहा? मंदिर के ठीक बगल में शराब दुकान चलाना नियमों की अनदेखी है। संगठन ने चेतावनी दी कि शराब दुकान हटने तक आंदोलन जारी रहेगा और जरूरत पड़ी तो सत्याग्रह की तर्ज पर इसे और तीव्र किया जाएगा। बंद को भाजपा को छोड़, सभी सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न राजनीतिक संगठनों का खुला समर्थन मिला। महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान भगवा झंडे लहराए गए और श्जय श्री रामश के जोरदार नारे लगे। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में भारी बल तैनात किया, लेकिन बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा।विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा, ष्हम धार्मिक स्थलों की गरिमा और समाज को नशे की कुरीति से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तुरंत दुकान हटानी चाहिए। ष्प्रशासन ने कहा कि मामले की जांच चल रही है और प्राप्त ज्ञापनों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गुनौर में स्थिति सामान्य है, लेकिन आंदोलन के आगे और बड़े रूप लेने की आशंका बनी हुई है।

# सुशासन दिवस पर ली शपथ



**पन्ना।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के एक दिन पूर्व प्रतिवर्ष सुशासन दिवस मनाया जाता है। भारत रत्न स्व. वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के स्मरण स्वरूप एवं इसकी महत्ता प्रतिपादित करने के उद्देश्य से सुशासन दिवस का आयोजन होता है, जिसके तहत 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा लोकसेवकों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



# इंडेन गैस एजेंसी ऑफिस में अज्ञात चोरों ने किया हाथ साफ



### 15-20 हजार रुपए नगदी ले गए चोर

**पन्ना।** पन्ना जिले के देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। एक बार फिर अज्ञात चोरों द्वारा मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग 39 के पास सतना रोड में स्थित इंडेन गैस एजेंसी ऑफिस में 23-24 की दरम्यानी रात्रि बाउंड्री से नाककर शटर का ताला तोड़कर चोरों ने अंदर घुसकर काउंटर में रखे 15 से 20 हजार रुपए एवं समस्त दस्तावेजों को बिखरा कर रफूचक्कर हो गए। वहीं सुबह 10 बजे गैस एजेंसी का स्टॉफ पहुंचा तब उन्होंने शटर के ताले टूटे हुए पड़े हुए थे। तब उन्होंने अपने गैस एजेंसी मालिक सिद्धार्थ शर्मा को सूचना दी। एजेंसी संचालक द्वारा डायल 112 एवं पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही देवेंद्रनगर थाना प्रभारी रामआसरे सोनकर मय स्टॉफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया गया एवं आसपास जांच की एवं पुलिस द्वारा लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई हैं। वहीं अज्ञात चोरों द्वारा पास में ही स्थित गल्ला व्यापारी शिवप्रसाद अग्रवाल की दुकान में चोरों ने ताला तोड़कर पेटी में रखी चिल्लर पैसे साथ में ले गए। वहीं चाय की गुमटियों को भी निशाना बना गया। देवेंद्रनगर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया हैं।

### एक ही रात में कई अन्य दुकानों के टूटे ताले



# देव पर्वत के प्राचीन स्थलों के संरक्षण के संबंध में अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ ने दिया ज्ञापन

**पन्ना।** 24 दिसंबर को स्थानीय तहसील मुख्यालय अजयगढ़ में तहसीलदार सुरेंद्र अहिरवार जी को जिला कलेक्टर पन्ना के नाम संबोधित विज्ञापन अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ की संयोजक श्रीराम पाठक एवं दर्जनों क्षेत्रीय समाजसेवियो की मौजूदगी में दिया गया अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ द्वारा दो अलग-अलग ज्ञापन जिला प्रशासन के मुखिया के नाम दिया गया ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि अजयगढ़ नगर में वार्डन का नामकरण नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों साहित्यकारों एवं समाजसेवियों के नाम पर किया जाए नगर के वार्ड क्रमांक 11 का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीदेवी दयाल पाठक जी वार्ड क्रमांक 3 का नामकरण राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षक एवं राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार स्वर्गीय श्री अंबिका प्रसाद दिव्या जी के नाम पर वार्ड क्रमांक 4 का नामकरण राजा बहादुर कौशलेंद्र विक्रम सिंह प्रथम सरपंच एवं प्रथम जनपद अध्यक्ष वार्ड क्रमांक 2 का नामकरण सर्वोदय नेता स्वामी प्रसाद अर्जरिया जी तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इस्माइल बाबू बुंदेली भाषा के महान



साहित्यकार मूर्तिकार चित्रकार डॉ हरनारायण सिंह जी यार आजाद हिंद फौज की सेनानी मुकुंदी लाल चौहान जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परमलाल नामदेव जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गिरजा शंकर खरे जी के नाम पर किए जाने की मांग की गई दूसरे ज्ञापन में अजयगढ़ क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं प्राचीन ऐतिहासिक स्थल देव पर्वत के पुरातत्व से भरपूर स्थलों के संरक्षण तथा पर्वत पर पहुंचने के लिए सीडीओ का निर्माण सुरक्षा के लिए रेलिंग का निर्माण देव पर्वत के चारों तरफ परिक्रमा पथ का निर्माण मैहर की तरह लक्ष्मण झूला निर्माण पर्वत के नीचे भाव दरवाजा मुख्य सड़क मार्ग से पर्वत के निचले रास्ते तक पहुंचाने के लिए सीसी रोड का निर्माण कर जाना आवश्यक है श्री पाठक ने कहा कि यदि देव पर्वत अजयगढ़ के प्रसिद्ध किला खोरां के प्राचीन प्रतिमाओं के संग्रह स्थल परमहंस धोनी आश्रम तथा अजयगढ़ तहसील के अन्य प्राचीन धार्मिक स्थलों को धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए तो अजयगढ़ क्षेत्र एक आदर्श पर्यटक स्थल साबित हो सकता है जरूरी है उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है उन्होंने क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद से भी इस संबंध में पहल करने का अनुरोध किया है ज्ञापन देते समय अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ के संयोजक श्रीराम पाठक वरिष्ठ समाजसेवी रामेश्वर प्रसाद खरे मो सफी तेजस्वी तिवारी श्यामसुंदर दीक्षित रमेश शुक्ला राजकुमार पांडे सागीर बेग मोहम्मद महबूब केपी मिश्रा हनुमतपुर के पूर्व सरपंच यादव राम प्रकाश सिंह पूर्व शिक्षक सहित दर्जनों क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे वरिष्ठ समाजसेवी रामेश्वर प्रसाद खरे जी ने कहा कि अजयगढ़ नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों समाजसेवियों साहित्यकारों के नाम पर वार्डो का नामकरण अवश्य होना चाहिए ताकि आज की युवा पीढ़ी भी उनके विराट व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में जान सके अब देखना यह है कि प्रशासन इन दोनों मांगों के बारे में क्या कार्रवाई करता है।

# राष्ट्रीय किसान दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा किया गया किसानों का सम्मान

### शुद्ध संकल्पों के बीज बोना - ब्रह्माकुमारी




**पन्ना।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना के द्वारा देवेंद्र नगर में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर बहन ने सभी को आज के दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारी अर्थव्यवस्था का आधार कृषि उत्पादकता है उन्होंने किसानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्र को सुखी और समृद्ध बनाने के लिए किसानों का सशक्तिकरण जरूरी है किसान हमारे देश की शान है बहन जी ने कहा कि आध्यात्मिकता के माध्यम से किसानों के अंतर मन को शुद्ध करना आवश्यक है मेडिटेशन और ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति में सद्भावना,आत्मविश्वास और हिम्मत जैसे मानवीय मूल्य जागृत होते है। आपने यौगिक खेती पर जोर डालते हुए कहा की यौगिक खेती हमें जीवन जीने की कला सिखाती है जिसके द्वारा अनेकों किसानों ने अपना जीवन परिवर्तन किया है इससे उन्होंने व्यसनों, गलत संस्कारों, सामाजिक कुरीतियों तथा कर्ज से मुक्त होकर फिर से अपना खोया हुआ आत्मसम्मान प्राप्त किया है इस योजना के माध्यम से अन्न वा मन की शुद्धता द्वारा श्रेष्ठ सुखमय समाज का निर्माण संभव है इससे हमारा भारत फिर से स्वर्णिम भारत बनेगा। आपने आगे कहा कि गांव का मुख्य व्यवसाय कृषि है, आज कृषि के द्वारा समाज के अंदर समस्याएं पैदा हो रही हैं हम सब ऐसा विषैला अन्य खा रहे हैं जिससे अनेक प्रकार के रोग और अकाले मृत्यु हो रही है इससे बचने के लिए हमें अपनी खेती को सकारात्मक एवं स्वच्छ विचारों के आधार से स्वच्छ और सात्विक अन्न उत्पादन करें जब हम यौगिक खेती और सात्विक जीवन शैली अपनाते हैं तब हम अपने शुभ वाइब्रेशन प्रकृति को देंगे तो प्रकृति भी जल्दी ही सात्विक बन जाएगी,जब फसल को परमात्मा की स्मृति में शुभ वाइब्रेशन देते हैं तब प्रकृति उसे जल्दी ग्रहण करती है इससे पौधों का विकास बेहतर होता है किसानों को अपने विचारों को शुद्ध और पवित्र बनाना होता है कहते हैं जैसा अन्न वैसा मन इससे हमारी फसल और जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। अंत में सभी किसान भाइयों को ईश्वरीय उपहार एवं साहित्य भेट कर सम्मानित किया गया।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरगुवां में वित्तीय लेनदेन को लेकर गंभीर अनियमितायें उजागर

जांच प्रतिवेदन के आधार पर संयुक्त संचालक ने प्रभारी प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जवाब सबमिट, कार्यवाही लंबित




बड़ामलहरा।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरगुवां में वित्तीय लेन–देन को लेकर गंभीर अनियमितताओं कि शिकायत कि गई थी जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर के निर्देश पर गठित 2 सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में विद्यालय प्रबंधन द्वारा भण्डार क्रय नियमों, वित्तीय प्रक्रिया और शासन के निर्देशों के उल्लंघन की पुष्टि हुई है। जांच रिपोर्ट के अनुसार लाखों रुपये का भुगतान बिना बिल, बिना अनुबंध, बिना निविदा और बिना भौतिक सत्यापन के किया गया। यह जांच मलहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री रामसिया भारती द्वारा की गई शिकायत के बाद कराई गई। जांच दल ने दिनांक 21 नवंबर 2025 को विद्यालय पहुंचकर अभिलेखों का परीक्षण किया। जांच में पाया गया कि केशरीनंदन ट्रेडर्स, छतरपुर के नाम प्रस्तुत 1.80 लाख के बिल के विरुद्ध भुगतान कल्पना कंस्ट्रक्शन को किया गया, जबकि ऐसा करने का कोई प्रस्ताव या कार्यादेश संलग्न नहीं था। इसी तरह 90 हजार, 1.80 लाख एवं अन्य राशियों के कई भुगतान ऐसे फर्मों को किए गए जिनके बिल रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं पाए गए। जांच प्रतिवेदन में उल्लेख है कि अशोक कुमार राय को 1.77 लाख तथा शुभम मिश्रा को 1.64 लाख का भुगतान बिना किसी अनुबंध पत्र अथवा कार्यादेश के किया गया, जो स्पष्ट रूप से वित्तीय नियमों का उल्लंघन है। विद्यालय में कराए गए दीवार पेंटिंग कार्य में भी नियमों की अनदेखी सामने आई। अरविंद पेंटर को 3 अलग-अलग तिथियों में भुगतान किया गया, लेकिन न तो निविदा प्रक्रिया अपनाई गई और न ही कार्य की गुणवत्ता का समिति द्वारा सत्यापन कराया गया। जांच में यह भी सामने आया कि मध्यप्रदेश शासन के आदेश दिनांक 15 नवंबर 2019 के अनुसार विद्यालय में स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति (SMDC), भवन समिति एवं शैक्षणिक समिति का गठन नहीं किया गया, जबकि वित्तीय निर्णयों के लिए इन समितियों का होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त खेल सामग्री, प्रयोगशाला सामग्री एवं अन्य क्रय की गई वस्तुएं स्टॉक पंजी में दर्ज नहीं पाई गईं और न ही उनका भौतिक सत्यापन किया गया। कई मामलों में जांच के दौरान रिकॉर्ड अपूर्ण प्रस्तुत किए गए और जांच को टालने के प्रयास भी दर्ज किए गए हैं।

जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि प्रभारी प्राचार्य श्रीमती प्रार्थना अहिरवार नवनियुक्त शिक्षक हैं, और उन्हें वित्तीय कार्यों का पर्याप्त अनुभव नहीं है, लेकिन यह अनुभवहीनता नियमों के उल्लंघन का औचित्य नहीं हो सकती। साथ ही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संयुक्त खातादार श्री राम तिवारी की मिली भगत से यह लाखों का घोटाला किया गया है। समिति ने अनियमित व्यय की वास्तविक राशि निर्धारण हेतु विधिवत ऑडिट कराने की अनुशंसा की है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सागर संभाग ने प्रभारी प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए नियमविरुद्ध भुगतान की राशि की वसूली एवं म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 तथा सीसीए नियम 1966 के अंतर्गत विभागीय कार्रवाई के संबंध में जवाब तलब किया है।

केसीसी की राशि जमा करने के बाद भी किसान बकायादार

# किसान ने थाने में शिकायती आवेदन देकर समिति प्रबंधक पर भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

छतरपुर।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बक्स्वाहा अंतर्गत आने बाली समितियों के द्वारा किसानों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन शासन की इस व्यवस्था पर गंभीर सबाल खड़े होने लगे है क्योंकि एक किसान द्वारा थाने में शिकायत की गई है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि केसीसी की राशि जमा करने के बाद भी वह बकायादार बना हुआ है। ग्राम मछंदरी प्रीतम चढार ने थाना प्रभारी को दिए आबेदन में मडदेवरा समिति के समिति प्रबंधक धनीराम पटैरिया पर धोखाधड़ी कर केसीसी की राशि हडप लेने का आरोप लगाया है। किसान का कहना है कि उसने केसीसी ऋण का भुगतान कर दिया उसे रशीद भी मिली लेकिन राशि बैंक खाते में जमा नही की गई जिससे बह आज भी बकायादार बना हुआ है।

## क्या है किसान प्रीतम चढार का आरोप -

किसान प्रीतम चढार ने दिए गए शिकायती आबेदन में आरोप लगाया है कि 35 हजार का कर्ज लिया था और 43 हजार का कर्ज चुका दिया लेकिन आज भी खातें में बकाया राशि है किसान का आरोप है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बकस्वाहा से 35 हजार रूपए कृषि ऋण लिया था ऋण स्वीकृत कराने के नाम पर समिति प्रबंधक धनीराम पटैरिया ने उससे 10 हजार रूपए लिए थे इसके बाद जब किसान ने संपूर्ण बकाया राशि चुकता करने की कोशिश की तो उसने 6 जुलाई 2022 को कुल राशि 43 हजार 239 रूपए समिति प्रबंधक धनीराम पटैरिया को नगद दिए धनीराम पटैरिया ने उक्त राशि की रसीद भी जारी की परंतु किसान के अनुसार यह रकम खाते में जमा नही की गई।

## कई बार लगाई गुहार, पर खाते में रकम नही जमा -

किसान प्रीतम चढार का आरोप है कि वह समिति प्रबंधक धनीराम पटैरिया के पास कई बार गया और यह भी कहा कि राशि मेरे खाते में जमा कर दो ताकि ऋण का निपटारा हो सकें। लेकिन समिति प्रबंधक द्वारा लगातार टालमटोल की गई किसान के केसीसी खाते का नबंर 152003231112 है और उसने दाबा किया है कि बैंक रिकार्ड में आज भी ऋण लंबित दिख रहा है। 21 नबंवर 2025 को दिए गए आबेदन में किसान प्रीतम चढार ने थाना प्रभारी से मांग की है कि इस मामले में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया जाए और उसके द्वारा दि गई राशि खाते में जमा कराई जाए। क्योंकि राशि जमा न होने पर भबिष्य की ऋण पात्रता भी प्रभावित हो रही है। इस मामले की पुष्टि करते हुए उपनिरीक्षक अवधेश दुबे ने बताया कि किसान की शिकायत थाने में प्राप्त हुई है और मामले में जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएगे उसके उपरांत ही समिति प्रबंधक के विरूद्ध कार्यवाही की जाएंगी।

## किसानों से कमीशन का खेल -

यह मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में चर्चा है कि सहकारी समितियों में किसानों से विचौलियां राशि बसूलने और जमा रकम में गड़बड़ी करने की शिकायतें पहले भी होती रही है। समितियों में किसानों से कमीशन का खेल चल रहा है अब इस मामले में पुलिस पर लोगों की नजरें टिकी हुइ है कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाएंगी बहीं किसान प्रीतम का साफ कहना है कि मैने कर्ज चुका दिया रसीद भी मेरे पास है अब मामले की जांच हो और मेरा हिसाब साफ हो।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, महिला गंभीर घायल; दमोह रेफर



बक्सवाहा

बक्सवाहा-बक्सवाहा-जबलपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार रात करीब 8:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। क्रेशर के पास अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मृतक का सिर धड़ से अलग हो गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस और बक्सवाहा पुलिस मौके पर पहुंची। घायल महिला को तत्काल एम्बुलेंस से बक्सवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दमोह जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया है। मृतक और घायल महिला की पहचान सागर जिले के लिधौरा खुर्द गांव के निवासी के रूप में बताई जा रही है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच जारी है। यह हादसा एक बार फिर इस मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरे को उजागर करता है।

# घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार द्वारा पत्रकार को जान से मारने की धमकी

## एसपी के निर्देश पर महाराजपुर थाने में दबंग ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

छतरपुर

**पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर महाराजपुर थाने में सड़क का निर्माण करने वाले दबंग ठेकेदार अरविन्द चौरसिया के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत अपराध पंजीकृत कर लिया गया है। इस ठेकेदार द्वारा जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष रामबाबू सिंह परिहार को जान से मारने की धमकी दी गयी थी।**

मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार अरविन्द चौरसिया द्वारा ग्राम पंचायत मटौंधाबेसन के ग्राम झिकमऊ में सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर पत्रकार रामबाबू सिंह परिहार द्वारा आपत्ति की गयी थी। पत्रकार का आरोप था कि इस सड़क का घटिया निर्माण हो रहा है जिससे बौखलाये ठेकेदार द्वारा श्री परिहार को उनके मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दी गयी थी। श्री परिहार द्वारा इस मामले की शिकायत एसपी छतरपुर अगम जैन से की गयी। एसपी ने पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुये महाराजपुर थाना पुलिस को ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे। एसपी के निर्देश पर महाराजपुर थाने में ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# शिव मंदिर निर्माण में बाधा, रिटायर्ड सैनिक ने एसपी से की शिकायत



छतरपुर। बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मडौरी निवासी एक रिटायर्ड सैनिक ने अपने गांव में शिव मंदिर निर्माण में व्यवधान डालने और झूठे मामलों में फँसाने की धमकियां मिलने को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता अर्जुन सिंह यादव पिता स्वर्गीय छेदीलाल यादव ने आवेदन में बताया कि वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं और अपने घर के सामने स्थित पैतृक भूमि पर शिव मंदिर का निर्माण करवा रहे हैं। उक्त स्थान पर पूर्व से ही शिवलिंग स्थापित है। मंदिर निर्माण के दौरान गांव के ही राकेश कुमार मिश्रा, उनकी पत्नी सीता मिश्रा तथा उनकी दो बेटियां अभिलाषा और रानू मिश्रा लगातार निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि आरोपित मंदिर निर्माण के दौरान झगड़ा करते हैं, गाली-गलौज करते हैं तथा आत्महत्या करने और झूठे महिला संबंधी मामलों में फँसाने की धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि मंदिर निर्माण की भूमि उनकी पैतृक संपत्ति है, जिसके स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। रिटायर्ड सैनिक ने यह भी बताया कि इन घटनाओं के कारण वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं और यदि उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसके लिए संबंधित लोग जिम्मेदार होंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच कराने और मंदिर निर्माण कार्य को शांतिपूर्वक पूर्ण कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# 7 सूत्रीय मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, हड़ताल की चेतावनी



छतरपुर

बुधवार को कलेक्टर परिसर में मध्यप्रदेश श्रमजीवी सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिषद छतरपुर में कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। संघ ने मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि छह दिवस के भीतर समाधान नहीं हुआ तो समस्त कर्मचारी कामबंद हड़ताल पर जाने को विवश होंगे।

ज्ञापन में प्रमुख मांगों में नगर पालिका में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर लागू ई-अटेंडेंस व्यवस्था को पूर्णतः समाप्त करने, कर्मचारियों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप पदस्थापना कर उसी पद का वेतन भुगतान सुनिश्चित करने तथा मध्यप्रदेश श्रमायुक्त के आदेशानुसार लंबित एरियर्स का भुगतान दिसंबर माह के वेतन में एकमुश्त जोडऩे की मांग शामिल है।

इसके अलावा कर्मचारियों को मौसम के अनुसार उपयुक्त वस्त्र उपलब्ध कराने, प्रत्येक माह 1 से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान सुनिश्चित करने और आउटसोर्स पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों के पीएफ का नियमित भुगतान करने की मांग भी रखी गई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि 17 दिसंबर 2025 को ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कथित रूप से अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है।

संघ के जिलाध्यक्ष लखन बाल्मीक एवं प्रदेश महामंत्री नीरज बाल्मीक सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा में मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो हड़ताल के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, क्षेत्रीय विधायक एवं संघ के प्रदेशाध्यक्ष को भी भेजी गई है।

# एसपी कार्यालय की दीवारों पर उकेरी जा रही यातायात जागरूकता की चित्रकला



छतरपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की दीवारों को आकर्षक और संदेशपरक बनाने के उद्देश्य से इन दिनों चित्रकला पेंटिंग का कार्य किया जा रहा है। इस पेंटिंग में जिले में यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेशों को रंगों के माध्यम से दर्शाया जा रहा है।

इस अभिनव पहल में स्थानीय कॉलेज के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। विद्यार्थी अपनी कला प्रतिभा से हेलमेट पहनने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने, सुरक्षित वाहन चलाने जैसे विषयों पर सुंदर चित्र उकेर रहे हैं। इससे न केवल एसपी कार्यालय की दीवारें आकर्षक बन रही हैं, बल्कि आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का संदेश भी प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है। प्रशासन का मानना है कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों से युवाओं की सहभागिता बढ़ती है और सामाजिक संदेश व्यापक स्तर पर जनमानस तक पहुंचता है।

सागर संभाग का पहला गैस शवदाह गृह छतरपुर में हुआ लोकार्पण

# 50 लाख की लागत से निर्मित आधुनिक सुविधा, देह संस्कार शुल्क 2 हजार रुपये

छतरपुर।



**नगरपालिका परिषद छतरपुर द्वारा बुधवार को सागर संभाग में पहला भैसासुर मुक्ति धाम स्थित आधुनिक गैस शवदाह गृह का विधिवत लोकार्पण किया गया। लगभग 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस पर्यावरण-अनुकूल गैस शवदाह गृह का लोकार्पण छतरपुर विधायक ललिता यादव एवं नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया के करकमलों से सम्पन्न हुआ।**

लोकार्पण अवसर पर विधायक ललिता यादव ने कहा कि गैस शवदाह गृह की स्थापना से छतरपुर नगर को एक आधुनिक एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त हुई है। यह व्यवस्था पारंपरिक लकड़ी आधारित दाह संस्कार की तुलना में प्रदूषण को कम करेगी और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सहायक सिद्ध होगी।

नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने बताया कि गैस शवदाह गृह में देह संस्कार हेतु मात्र 2 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है, ताकि सभी वर्गों के नागरिक इस सुविधा का लाभ आसानी से ले सकें। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा नागरिकों को बेहतर, स्वच्छ एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस गैस शवदाह गृह के संचालन से दाह संस्कार प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं समयबद्ध होगी। साथ ही लकड़ी की खपत में कमी आने से वनों के संरक्षण के साथ-साथ वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। लोकार्पण कार्यक्रम में सीएमओ माधुरी शर्मा, वार्ड पार्षद रामदयाल यादव, दिलीप रैकवार, पार्षद प्रतिनिधि सुनील वर्मा, पुष्पेंद्र कुशवाहा, दीपक शिवहरे, इंजीनियर महेन्द्र पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी सहित नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




छतरपुर। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं संरक्षण संबंधी कानूनों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. रामजी अग्रवाल ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उपभोक्ताओं को जागरूक किया। संगठन के उपाध्यक्ष ब्रजेश शर्मा ने भी उपभोक्ता हितों से जुड़े विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी बंदना जैन, नापतौल विभाग से आर.एस. दहायत, आई.ओ.सी.एल. कंपनी के सेल्स ऑफिसर, एल.डी.एम. अमित वर्मा ने अपने-अपने विभागों से संबंधित उपभोक्ता अधिकारों एवं सेवाओं की जानकारी दी। वहीं जिला आपूर्ति अधिकारी सीताराम कोठारे ने विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सुविधाओं, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं उनके त्वरित निराकरण की जानकारी साझा की। कार्यक्रम डिजिटल न्याय के माध्यम से कुशल और त्वरित समाधान की थीम पर मनाया गया। अंत में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ऋषि शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन सहायक आपूर्ति अधिकारी जितेन्द्र बर्मन ने किया।

# हैदराबाद गांव में मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी



**बड़ामलहरा**। ग्राम पंचायत बम्हौरीखुर्द के हैदराबाद इलाके में एक युवक का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते यह खबर आग की तरह फैल गई और मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान भारत प्रजापति पिता हरसिंह प्रजापति, उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी बम्हौरीखुर्द के रूप में हुई है। परिजनों व ग्रामीणों के अनुसार भारत बीते सोमवार रात करीब 8 बजे घर से खेत की रखवाली करने के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। मंगलवार को हैदराबाद इलाके में उसका शव संदिग्ध अवस्था में मिलने की सूचना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जैसे ही ग्रामीणों ने शव देखा, तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई की। युवक की असामयिक मौत से ग्रामीणों में गहरा दुख और आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि भारत एक मिलनसार और शांत स्वभाव का युवक था, उसकी इस तरह मौत होना कई सवाल खड़े करता है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शव को बुधवार सुबह लगभग 9 बजे बड़ा मलहरा सिविल हॉस्पिटल स्थित शवगृह लाया गया। इसके बाद करीब 11 बजे घुवारा रोड स्थित शवगृह में डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। संपूर्ण प्रशासनिक कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद गांव में शोक का माहौल और गहरा हो गया। फिलहाल युवक की मौत के स्पष्ट कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि यह प्राकृतिक मृत्यु है, दुर्घटना या फिर किसी अन्य साजिश का मामला। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# शहर बनेगा नम्बर 1 अभियान तहत आज मुड़वानी डैम इको पार्क सहित अन्य स्थलों में चला विशेष सफाई अभियान





सिंगरौली 24 दिसम्बर 2025/ राज्य शासन द्वारा दिसम्बर माह के जारी कैलेन्डर अनुसार शहर बनेगा नंबर -वन अभियान के तहत नगर पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त सविता प्रधान के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी आरपी बैस के निर्देशन में नगरीय क्षेत्र में स्थित पर्यटन स्थलों,स्मारकों,पार्कों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। अभियान अंतर्गत आज जयंत जोन के वार्ड 17 में स्थित मुड़वानी डैम इको पार्क में स्वच्छता श्रमदान कर शपथ दिलवाया गया तथा आम जन मानस को अपने आस पास के परिसर को स्वच्छत रखने हेतु प्रेरित किया गया। इसी तरह से बैढ़न जोन के वार्ड क्रमांक 40 में स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के आस पास सामूहिक श्रमदान से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान वार्ड क्रमांक 32 एचआईजी कॉलोनी में विवेकानंद पार्क में नागरिकों के द्वारा सफाई करवाई गई । तथां सभी नागरिकों को इंगेज किया गया और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई कचरा बाहर नहीं फेंकना है इसकी समझाइश भी दी गई और अपने घर में दो डस्टबिन रखें कचरा अलग-अलग करके ही कचरा संग्रहण वाहन में डाले सभी को बताया गया और पंपलेट भी वितरण किया गया। अभियान का नेतृत्व कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी बी.जी चतुर्वेदी के द्वारा किया गया। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी, सफाई मित्र एवं आईसी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, विंध्यनगर में 'परस्पर सम्मान एवं विश्वास' पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 24 दिसंबर 2025 को कोर वैल्यू समारोहों की श्रृंखला के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, विंध्यनगर में स्कूली बच्चों के लिए " परस्पर सम्मान एवं विश्वास" विषय पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कम उम्र से ही नैतिक मूल्यों की समझ विकसित करना एवं आत्मविश्वास के साथ अपने विचार व्यक्त करने की प्रेरणा देना था। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मुद्रिका प्रसाद दुबे, विद्यालय के शिक्षकगण तथा निर्णायक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर परियोजना के अधिकारियों ने भी सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया एवं उनके आत्मविश्वासपूर्ण वक्तव्यों की सराहना की।

श्री राहुल वर्मा, अपर महाप्रबंधक (ए यू डी) एवं दिसंबर माह कोर वैल्यू चैंपियन ने अपनी टीम के साथ प्रतियोगिता के विजेताओं एवं निर्णायकों को सम्मानित किया। इस प्रकार की पहल न केवल एनटीपीसी कर्मचारियों में कोर वैल्यू की समझ को सुदृढ़ करती है, बल्कि विद्यालयी विद्यार्थियों में भी सम्मान एवं विश्वास जैसे मूल्यों को आत्मसात करने में सहायक सिद्ध होती है, जिससे प्रारंभिक स्तर से ही मूल्य-आधारित संस्कृति का विकास होता है।



# कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर ने दिलाई सुशासन दिवस की शपथ

**सिंगरौली** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर गौरव बैनल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी का जन्मदिन 25 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने देश को नई दिशा दी। उन्होंने ने सार्वजनिक जीवन में सुचिता तथा सेवा के नये मापदण्ड स्थापित किए। उन्होंने जनहित तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए देश का नेतृत्व किया। उनके आदर्शो को हम अपने जीवन में उतारें।कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी तथा कर्मचारी पूरी निष्ठा और लगन के साथ सौंपे गए उत्तरदायित्व निर्वहन करें। शासन की योजनाओं तथा कल्याणकारी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन करें। गरीबों के हितसंवर्धन के लिए सतत प्रयास करें। अपने कार्यालय को व्यवस्थित और साफ सुथरा रखें। यही सुशासन का मूलमंत्र है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री संजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेकअर माइकेल तिर्की कोषालय अधिकारी श्रीकांत त्रिपाठी, आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप, उपसंचालक उद्यानिकी एच.एल निमोरिया सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री आज आयेंगे रीवा, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रीवा।** पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल दमोह से सुबह 8 बजे प्रस्थान कर 25 दिसंबर को दोपहर रीवा आयेंगे। तदुपरांत दोपहर 12.15 बजे पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय रीवा में आरोग्य एवं नवग्रह - नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन करेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर एक बजे बसामन मामा गौअभ्यारण्य के लिए रवाना होंगे तथा वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। पटेल शाम 4.30 बजे बसामन मामा गौअभ्यारण्य से दमोह के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बड़वारा को नगर परिषद बनाने तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

**बड़वारा।** समाज सेवा विकास संस्था बड़वारा के पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बड़वारा को नगर परिषद का दर्जा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाजसेवी मैना सिंह ने बताया कि बड़वारा मुख्यालय से हर वर्ष सरकार को करोड़ों-अरबों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। यहाँ दो बड़ी सीमेंट फैक्ट्रियां और दर्जनों खदानें संचालित हैं। आबादी, क्षेत्रफल और रोजगार की उपलब्धता के लिहाज से बड़वारा हर मापदंड पर नगर परिषद बनने की पात्रता रखता है। इसके बावजूद, उचित प्रशासनिक दर्जे के अभाव में क्षेत्र आज भी उपेक्षा का शिकार है और अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। हमारी मांग है कि जल्द से जल्द बड़वारा ग्राम पंचायत को नगर परिषद बनाया जाए।

### मशीन लर्निंग का प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों को कराया औद्योगिक भ्रमण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान के मार्गदर्शन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम के तहत मशीन लर्निंग का प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों को सेडमैप जिला समन्वयक द्वारा औद्योगिक इकाई सतनाम पॉलीमर्स का भ्रमण कराया गया।

### समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा

**कटनी।** नगर निगम द्वारा नागरिकों की पोर्टल पर समग्र आई.डी. से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य नगर निगम कार्यालय तथा जोन कार्यालयों में अनवरत जारी है। उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा सोमवार को विभिन्न वार्डों में अब तक हुई ई-केवाईसी की स्थिति समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाकर शेष नागरिकों की ई-केवाईसी का कार्य मिशन मोड पर पूर्ण कराने के निर्देश संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए गए। उपायुक्त श्री गुप्ता ने अधिकारियों को इस कार्य में और अधिक गति प्रदान कर घर-घर संपर्क, करने निगम कार्यालय तथा जोन कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में आने वाले नागरिकों से उनकी ई-केवाईसी की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर शेष बचे नागरिकों की ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ई-केवाईसी पूर्ण होने से नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिल सकेगा।

# ठंड का कहर: कोहरे से ढंकी रही दृश्यता, 50 मीटर तक सिमटी कोहरे का दिखा असर, हाइवे में रेंगते रहे वाहन





**रीवा।** समूचे जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। खासतौर पर घने कोहरे के बीच सड़क हादसों का भी खतरा बना रहता है। इस कड़ाके की ठंड में जहाँ नन्हे मुन्ने बच्चे स्कूल जाने को मजबूर है तो वहीं ग्रामीण इलाकों में भी ठंड का असर साफ नजर आ रहा है। हालांकि कुछ लोगों ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी किए जाने की मांग की है। मंगलवार की सुबह कोहरे से ढंकी रही सुबह के समय विजिबिलिटी 50 मीटर तक सिमट गई। हाइवे में हालत यह रहा कि छोटे और बड़े वाहन दौड़ने की बजाय रेंगते रहे। कोहरे का असर दोपहर तक बना रहा जिसकी वजह से सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। दिन में धूप न निकलने से लोगों को ठंड का एहसास हुआ। शहर की तुलना में खुले स्थानों पर कोहरे का ज्यादा असर रहा। बताते हैं कि इस सीजन का यह पहला कोहरा है। हालांकि कोहरे का असर शनिवार को रात से ही शुरू हो गया था। सुबह जहां ज्यादा कोहरा रहा, वहां सड़ने में भारी वाहन सड़क के किनारे खड़े रहे। दिन निकलने के बाद जब कोहरा का असर घटा तब ट्रक पीली लाइट जलाकर आगे बढ़े। मौसम विज्ञान से जुड़े जानकारों की माने तो कोहरे का असर अब शुरू हो गया है। रविवार को रात से ही कोहरा पड़ने लगा था। अब जिले में कड़ाके की ठंड का असर शुरू हो जाएगा। सुबह मार्निंग वाक पर जाने वालों की दिनचर्या भी कोहरे की वजह से प्रभावित रही। सुबह कोहरे की वजह से लोग घरों में ही दुबके रहे।दो दिन में ढाई डिग्रीनीचे आया शत का पारा कोहरे की वजह से दिन के अधिकतम तापमान भी नीचे आ गया। दो दिनों में दिन का अधिकतम तापमान बढ़ाई डिग्री नीचे आ गया। सोमवार को दिन काअधिकतम तापमान 20 डिग्री पर दर्ज हुआ था, जो मंगलवार को दिन में 23 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि का न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस पर रहा। इसके चौबीस घंटे पूर्व रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री पर दर्ज हुआ था। रविवार को मौसम में सुबह क आर्द्रता 97 और शाम की आर्द्रता 64 प्रतिशत दर्ज की गई।कोहरे में फंसी रीवा-आनंद विहार ट्रेनउत्तर प्रदेश में पड़ रहे घने कोहरे से आनंद बिहार से रीवा आने वाली सुपरफास्ट ट्रेन लेट होने लगी है। शनिवार रविवार, मंगलवार, बुधवार को भी यह सुपरफास्ट ट्रेन लगभग 2 घंटे विलंब से रीवा पहुंची। बताया गया है कि इस ट्रेन के रीवा आने का समय सुबह 11.10 बजे का है। लेकिन मंगलवार को यह ट्रेन दोपहर एक बजे के बाद रीवा पहुंची। जैसे ही कोहरे का असर बढ़ेगा, यह ट्रेन और विलंब से रीवा पहुंचेगी। रीवा आने वाली अधिकांश देने कोहरे से प्रभावित हैं।

# आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में सिख धर्म के दसवें गुरु गोविन्द के बेटों की शहादत को किया याद

रीवा



शहीदी सप्ताह एवं वीर बाल दिवस 26 दिस. के कार्यक्रम के तहत आज आदर्श विज्ञान महाविद्यालय (मॉडल साइन्स) में सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के परिवार व बहादुर चारो बेटो की शहादत को याद में उनके नाम के दीप जला कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वीर पुत्रो ने सनातन धर्म रक्षा, स्वाभिमान रक्षा व भारत की रक्षा के लिये इस्लामिक आक्रांताओं के विरुद्ध अपना बलिदान दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. आर. एन. तिवारी, प्रबन्ध समिति के सदस्य कमलेश सचदेवा, महाविद्यालय की प्रो. श्रीमती केशरकली तिवारी, डॉ भारतेन्दु मिश्रा, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं आज के कार्यक्रम संयोजक अमित तिवारी, युवा कार्यकर्ता अंकित तिवारी, अम्बुज पाण्डेय सहित सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी युवा साथी मौजूद रहे। मंचासीन गणमान्य-जनो ने अपने-अपने विचार शहीद साहिबजादो के बलिदान पर रखे और पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर बृजेन्द्र मिश्रा ने भी कार्यक्रम के जिला सह-प्रभारी व आज के विषय वक्ता ने अपने उदबोधन मे छात्रों को बताया कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 09 जनवरी 2022 को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर घोषणा की थी कि हर साल 26 दिसंबर को उनकी वीरता को श्रद्धांजलि देने के लिए 'वीर बाल दिवस' मनाया जायेगा। 21से 27 दिसंबर के बीच उनके परिवार के सदस्यों की शहादत हुई इसलिए सिख समाज व देश इस सप्ताह को शहीदी सप्ताह के रूप में मनाता हैं। 26 दिसंबर के वीर बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को साहिबजादों के साहस, संकल्प और बलिदान की कहानी से परिचित कराना है ताकि वे उनसे वीरता और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा ले सकें।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के विरोध में बजरंग दल ने किया पुतला दहन

**रीवा।** शहर के शिल्पी प्लाजा चौराहा के पास बंगला देश मे हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध में व्यापक विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया, विरोध करते बजरंग दल जिला संयोजक रामकृष्ण गौतम एवं जिला सहसंयोजक आशीष सेन ने संयुक्त जानकारी देते हुए बताया की यह विषय विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं का बस नहीं है, समूचे हिंदू समाज का है। बजरंग दल के कार्यकर्ता हिंदू समाज के साथ शिल्पी प्लाजा ए ब्लॉक में एकत्रित हुए, पिछले सप्ताह बांग्लादेश में उग्र भीड़ द्वारा दीपू दास की बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या किए जाने के विरोध मे प्रदर्शन किया। एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले 25 वर्षीय दीपू दास को उन्मादी भीड़ ने सड़कों पर घसीटा और बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला। फिर उसके बेजान शरीर को एक पेड़ से बांधकर आग लगा दी। बजरंग दल के कई कार्यकर्ता एवं हिंदू समाज के लोगों के साथ एकत्रित होकर उग्र विरोध प्रदर्शन किया तथा नारे लगाए और दीपू दास पर हुए अत्याचार की निंदा की। भगवा झंडे लहराते हुए और यूनुस शासन के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारी दीपू दास के लिए न्याय की मांग की। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला भी जलाया। प्रदर्शन के दौरान बजरंग दल के लाल बहादुर सिंह,जिला मंत्री दिव्यांशु गौतम, जिला कोषाध्यक्ष हरीश ढींगरा, प्रदीप पाठक, जिला



संयोजक रामकृष्ण गौतम, आशीष सेन, ऊषा शुक्ला, रिचा मिश्रा, सुमित डिगवानी, लखन यादव , नारायण ताम्रकार, नेमीचंद गुप्ता, आनंद गौतम, राजेश तिवारी, विश्वनाथ , सुमित मांजवानी , विनय गौतम,संजीव गुप्ता मोहित गुप्ता विपिन मिश्रा प्रकाश गुप्ता अंशुमान गुप्ता, वरुण श्रीवास्तव शिवम विश्वकर्मा, रत्नेश चतुर्वेदी, संध्या मिश्रा, जलसा विश्वकर्मा, अंशिका तिवारी, मनीषा मिश्रा, नीलू सिंह, अलका सिंह सुनील चौरसिया, प्रांतु तिवारी विक्रांत यादव, नंदन दुबे श्रीकांत साकेत, अमर शुक्ला अमन मिश्रा, अरमान सिंह सोमवंशी, सचिन, अभय बघेल, सनी कुशवाहा, जयशंकर शुक्ला, विजय शुक्ला भूपेंद्र मिश्रा एवं हिंदू समाज के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नगर निगम की लेखा समिति बैठक में आय बढ़ाने पर जोर, संपत्ति कर व जलकर वसूली मजबूत करने के निर्देश

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा में लेखा समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन बुधवार को निगम सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता लेखा समिति अध्यक्ष अमिता सिंह ने की। बैठक में लेखा समिति सदस्य संजय खान, पूजा प्रमोद सिंह, गंगा प्रसाद यादव, रफीकुननिशा शहनाज अंसारी सहित उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, लेखाधिकारी अवनीश त्रिपाठी एवं स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अध्यक्ष लेखा समिति द्वारा विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा करते हुए निगम के वित्तीय वर्ष के मासिक एवं त्रैमासिक आय-व्यय की विस्तृत समीक्षा की गई। सहायक आयुक्त (वित्त) द्वारा निगम की मासिक आय-व्यय का लेखा-जोखा समिति सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर सदस्यों ने आवश्यक सुझाव दिए। सदस्यों ने निगम की संपत्ति कर आय में वृद्धि के लिए सभी मोहर्रिरों को घर-घर जाकर संपत्ति कर के बिल



वितरित करने के निर्देश जारी करने की आवश्यकता जताई। साथ ही यह सुझाव भी दिया गया कि संपत्ति कर एवं जलकर की टीमें संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण कर बिल वितरण एवं वसूली करें, जिससे निगम की आय में अपेक्षित वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। विज्ञापन कर की वसूली को लेकर समिति सदस्य संजय खान ने प्रक्रिया को सरल बनाए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने आउटडोर विज्ञापन नियमों के अंतर्गत अवैध विज्ञापन बोर्ड लगाने वालों पर कार्रवाई करने तथा पंजीयन शुल्क जमा कराकर नियमानुसार विज्ञापन की अनुमति प्रदान किए जाने पर जोर दिया। जलकर वसूली को प्रभावी बनाने के लिए नियमित रूप से घर-घर बिल भेजे जाने की बात कही गई, ताकि वसूली में निरंतर वृद्धि हो सके। इसके अलावा होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों से कचरा शुल्क नियमित रूप से वसूल किए जाने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।सदस्यों ने यह भी सुझाव दिया कि जलकर के अवैध कनेक्शनों को ऑन-स्पॉट शुल्क जमा कर वैध किया जाए। बारातघरों के संबंध में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक कार्यक्रम के आधार पर कचरा शुल्क की रसीद काटना सुनिश्चित किया जाए तथा सभी बारातघर संचालकों को प्रत्येक बुकिंग की जानकारी निगम को उपलब्ध कराना अनिवार्य किया जाए। बैठक के अंत में उपायुक्त वित्त द्वारा निगम के विकास कार्यों के लिए म्यूनिसिपल बॉन्ड जारी किए जाने की आवश्यकता एवं उसकी प्रक्रिया के बारे में समिति सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी गई।

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह प्राकृतिक खेती प्रकल्प का करेंगे शुभारंभः किसान सम्मेलन में होंगे शामिल, बसामन मामा गौ अभ्यारण्य गौ सेवा के साथ हो रहा प्राकृतिक खेती का विकास

**रीवा।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 दिसम्बर को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री दोपहर 3 बजे बसामन मामा पहुंचकर गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती प्रकल्प का शुभारंभ करेंगे। प्राकृतिक खेती के प्रकल्प में परंपरागत बीजों का संचय, गोमूत्र तथा गोबर से निर्मित खाद एवं कीटनाशक, अन्तवर्तीय फसल, औषधीय पौधों की खेती तथा फलोउद्यान विकास को शामिल किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री इन सभी का अवलोकन करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री गौ अभ्यारण्य के समीप आयोजित विशाल किसान सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री ग्रामीण विकास विभाग तथा श्रम एवं सांसद रीवा जनार्दन मिश्र भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित रहेंगे। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य का निर्माण बेसहारा और बीमार गौवंश को आश्रय देने के लिए किया गया है। इसमें वर्तमान में 9 हजार से अधिक गौवंश को आश्रय दिया गया है। इनकी सेवा के लिए 100 से अधिक कर्मचारी और गौ सेवक तैनात हैं। बीमार गौवंश के उपचार के लिए पशु चिकित्सक भी यहाँ तैनात हैं। इस गौ शाला से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में निकलने वाले गोबर से



जैविक खाद, गो काष्ठ, गोनाइल तथा अन्य उत्पाद बनाए जा रहे हैं। यह कार्य स्वयंसेवी संस्था द्वारा किया जा रहा है। बसामन मामा विन्ध्य क्षेत्र के लोक देवता हैं। इन्होंने पीपल के वृक्ष की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए आत्म बलिदान को चिरस्थायी करने के लिए टमस नदी के किनारे पुरवा में बसामन मामा धाम विकसित किया गया है। यहाँ प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके समीप ही ग्राम पुरवा में बसामन गौ अभ्यारण्य स्थापित किया गया है। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य गायों को संरक्षण देने के साथ-साथ प्राकृतिक खेती के प्रकल्प के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। रविशंकर की सामाजिक संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवकों तथा स्थानीय किसानों द्वारा मिलकर इस प्रकल्प का विकास किया जा रहा है। इसमें प्राकृतिक और जैविक विधि से गेंहू तथा अन्य अनाजों की खेती के माडल बनाए गए हैं। आम तथा अमरूद के बगीचे तैयार किए जा रहे हैं। विभिन्न तरह के फल और सब्जियों की खेती के भी माडल विकसित किए जा रहे हैं। इसमें अग्निहोत्र खेती का भी माडल बनाया गया है। इस प्रकल्प में गोबर, गोमूत्र, बेसन, गुड़, पानी तथा स्थानीय औषधियों से जैविक कीटनाशक और खाद तैयार की गई हैं। गौ अभ्यारण्य की फसलों में इसी का उपयोग किया जा रहा है। फसलों में कीटनाशक और रासायनिक खाद का अधिक उपयोग करने से फसलों की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। अनाजों के कई पौष्टिक तत्व इनसे नष्ट हो जाते हैं। पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवन के लिए पुनः जैविक खेती और प्राकृतिक खेती की ओर लोगों का तेजी से रूझान बढ़ा है। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य के आसपास के 50 गांवों में किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा गया है। लगभग पाँच हजार किसानों ने जैविक और प्राकृतिक खेती के लिए पंजीयन कराया है। इनके द्वारा कोदौ, मक्का, ज्वार तथा गेंहू की जैविक विधि से खेती की जा रही है। प्राकृतिक और जैविक विधि से प्राप्त केमिकल मुक्त अनाज हमारे पाचन तंत्र को सुदृढ़ करता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए एक एकड़-एक मौसम का मंत्र दिया है। इस मंत्र से प्रेरणा लेकर किसान छोटे स्तर पर बिना जोखिम उठाए प्राकृतिक खेती को अपना रहे हैं। किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से इन किसानों को संगठित किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती का विकास होने से गौ अभ्यारण्य के गोबर और गोमूत्र का पूरा सदुपयोग हो रहा है। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य 52 एकड़ में स्थापित है और यह निराश्रित गौवंश को आश्रय देने के साथ-साथ प्राकृतिक खेती के विकास का केन्द्र भी बनता जा रहा है।



# उप मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा

**रीवा।** बसामन मामा गौअभ्यारण्य में विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। सम्मेलन 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से बसामन मामा गौअभ्यारण्य के समीप आयोजित किया जा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह बसामन मामा गौअभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के लिए बनाये गये प्रकल्प का अवलोकन तथा शुभारंभ करेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गौअभ्यारण्य तथा सम्मेलन स्थल का भ्रमण करके सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौअभ्यारण्य में निराश्रित और बीमार गौवंश को आश्रय दिया जा रहा है। गौमाता के आशीर्वाद से विन्ध्य क्षेत्र में विकास के कार्य सफलतापूर्वक किये जा रहे हैं। हम सबका सौभाग्य है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बसामन मामा गौअभ्यारण्य में 25 दिसंबर को आगमन हो रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री प्राकृतिक खेती प्रकल्प का उद्घाटन करने के साथ विशाल किसान सम्मेलन में किसानों को संबोधित करेंगे। सम्मेलन की तैयारी में किसी तरह की कोर कसर न रखें। सम्मेलन में हजारों किसान शामिल होंगे। इनके सम्मेलन स्थल तक पहुंचने तथा सभा स्थल में व्यवस्थित बैठने का प्रबंध करें। केन्द्रीय गृह मंत्री कृषि विभाग द्वारा लगाई गई आधुनिक कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौअभ्यारण्य में गायों को आश्रय देने के साथ आसपास के 50 गांव के किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। गृह मंत्री जी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे प्रयासों का अवलोकन करेंगे। मौके पर उपस्थित आईजी गौरव राजपूत ने कार्यक्रम स्थल पर किये गये रक्षा प्रबंधों तथा यातायात प्रबंध की जानकारी दी। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सम्मेलन स्थल पर की गई विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर डीआईजी हेमंत चौहान, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मऊगंज में फोटो निर्वाचक नामावालियों का हुआ प्रकाशन



मऊगंज

फोटो निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों मऊगंज एवं देवतालाब अन्तर्गत मतदान केन्द्रों एवं विनिर्दिष्ट स्थलों में निर्वाचक नामावली का प्रकाशन कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा संबंधित क्षेत्र में विधित प्रारूप - 5 में विहित नीति से प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया। कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक में निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रदान किया गया। तथा जानकारी दी गई कि मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक दर्ज कराई जा सकती हैं। दावे-आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची 17 फरवरी तक अंतिम रूप से तैयार करके निर्वाचन आयोग की अनुशंसा के बाद 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। सभी रिटर्निंग आफीसर, सहायक रिटर्निंग आफीसर तथा बीएलओ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नए कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करेंगे। आयोग द्वारा मतदाताओं को नाम जोड़ने, नाम हटाने, प्रविष्टियों में संशोधन एवं स्थानान्तरण के लिये वोटर हेल्पलाइन एप, वोटर पोर्टल एनव्हीएसपी पोर्टल आदि के माध्यम से ऑनलाइन फार्म-6, 7, 8 में आवेदन कर सकते हैं।

# माडौ में जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् रीवा के निर्देशानुसार जनपद पंचायत नईगढ़ी के ग्राम पंचायत माडौ के अंतर्गत ग्राम पंचायत के पास जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण कर भू-जल स्तर में वृद्धि करना रहा। व्यर्थ बह रहे जल को संचय करने के लिए बोरी बंधान से जल को रोकने के लिए एक सामाजिक संदेश भी देने का प्रयास किया गया।कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक, जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार, जनपद नईगढ़ी से अनीश पांडेय, ब्लॉक समन्वयक अजय चतुर्वेदी, एनआरएलएम अधिकारी उमेश तिवारी, सेक्टर फूलकरण सिंह नवांकुर उत्कर्ष सेवा समिति मगनियां अध्यक्ष मुनि प्रसाद चतुर्वेदी सचिव ललिता चतुर्वेदी, त्रिवेणी बहुउद्देशीय जन कल्याण संस्था लीड नवांकुर संस्था से सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, कावरिया बोल बम नवांकुर संस्था से कमलेश्वर उपाध्याय, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति माडौ से ज्ञानेंद्र जायसवाल, छिउरिहा से महेश पांडेय, कैछुआ पडान से संदीप कुमार पाण्डेय, पुरैनी से



संदीप मिश्रा, सीएमसीएलडीपी मेंटर पवन कुमार शर्मा, राजरमन पटेल, चंदन पांडेय, सीमा मिश्रा, सुषमा यादव, नगर विकास प्रस्फुटन समिति नईगढ़ी के अध्यक्ष एवं एमएसडब्ल्यू छात्र आशीष शुक्ला, दिनेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कार्य भविष्य की जल समस्या के समाधान में सहायक होंगे। सभी उपस्थितजनों ने जल संचय जैसे अभियानों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया।

# भाजपा की वायरल सूची से सियासी बवाल, निर्वाचित पत्नी की जगह पति को बताया गया पदाधिकारी

**रीवा।** जिले की सियासत उस वक्त गरमा गई, जब भारतीय जनता पार्टी की नगर पंचायत उपचुनाव से जुड़ी एक प्रचार समिति की सूची सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इस सूची ने न सिर्फ पार्टी संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका और अधिकारों को लेकर भी नई बहस छेड़ दी है। दरअसल सेमरिया नगर पंचायत उपचुनाव के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा 21 सदस्यीय चुनाव प्रचार समिति गठित की गई थी। इसी सूची में 13वें क्रमांक पर दर्ज एक नाम अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा का केंद्र बन गया है। सूची में राजेश यादव का नाम जनपद पंचायत अध्यक्ष, रीवा के पद के साथ दर्ज किया गया है, जबकि हकीकत में इस पद पर निर्वाचित अध्यक्ष संगीता यादव हैं, जो राजेश यादव की पत्नी हैं। यानी कागजों में महिला सशक्तिकरण की बात और व्यवहार में पति को पद का प्रतिनिधि बताने का आरोप अब खुलकर सामने आ गया है। मंत्री की फटकार, फिर भी सूची में नामकुछ दिन पहले ही जिले के प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में आयोजित एक बैठक के दौरान राजेश यादव को बैठक से बाहर कर दिया गया था। मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा था आप जनपद पंचायत अध्यक्ष नहीं हैं। अगर अध्यक्ष हैं तो आपकी पत्नी बैठक में बैठें।जब प्रभारी मंत्री तक इस तथ्य से अवगत हैं, तो फिर भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा जारी सूची में यह चूक कैसे हो गई। जानबूझकर या अनजाने में?सूची में शामिल कई अन्य नामों के आगे केवल भाजपा नेता लिखा गया है, लेकिन राजेश यादव के नाम के आगे एक ऐसा पद जो वे वास्तव में धारण ही नहीं करते। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या यह महज लापरवाही है।

# स्थानीय निकाय निर्वाचन 29 दिसंबर को मतदान दिवस पर बंद रहेगी शराब की दुकानें

**रीवा।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत जिले में नगरीय निकाय सेमरिया के अध्यक्ष एवं एक पार्षद पद के लिये चुनाव 29 दिसंबर को संपन्न होगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों के दो सरपंच व 13 पंच पद के लिये भी निर्वाचन होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने मतदान दिवस पर मतदान समाप्त होने के 48 घंटे से शराब की दूकानें बंद रखने तथा शराब का क्रय विक्रय प्रतिबंधित रखने के आदेश दिये हैं।24/12/2025, 8:04**pm** - गुड्डू निगम रीवाः केन्द्रीय गृह मंत्री वर्चुअल माध्यम से करेंगे 25 इकाईयों का भूमिपूजन और लोकार्पण रीवा । पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर मेला ग्राउंड ग्वालियर में अभ्यदय एमपी ग्रोथ समिट का 2025 का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह समारोह में 2 लाख करोड़ के पूजी निवेश करने वाली औद्योगिक इकाईयों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। समारोह में रीवा संभाग की 25 औद्योगिक इकाईयों का भी भूमिपूजन और लोकार्पण किया जायेगा। इस संबंध में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी संचालक यू.के. तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे आरंभ होगा। इसका कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र में सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा। रीवा संभाग में स्थापित होने वाली 25 औद्योगिक इकाईयों में 803 करोड़ 57 लाख रूपये का पूजी निवेश किया जा रहा है।